दिनांक: 11 नवम्बर, 2020

# वित्तीय वर्ष 2019-20 में इरेडा की  सकल आय 17% बढ़कर 2372 करोड़ रुपए हुई




भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) की  33 वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आज इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित की गई ।  वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए वार्षिक खातों को एजीएम में अपनाया गया।

 निदेशकों और शेयरधारकों को संबोधित करते हुए  श्री प्रदीप कुमार दास , अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, इरेडा ने वित्तीय वर्ष 2019-20 के प्रदर्शन पर प्रकाश डाला और बताया कि कंपनी की सकल आय  17.32% की वृद्धि दर्ज  करते हुए  बढ़कर  2,372.38 करोड़ रुपए हो गई । इरेडा ने वर्ष के दौरान  12,696 करोड़ रुपए संस्वीकृत और  8785 करोड़ रुपए संवितरित किया है जिसमें  सह-वित्तपोषित परियोजनाओं / टेकओवर ऋण है जिससे  पिछले वर्ष में 3266 मेगावाट की तुलना में 5673 मेगावाट की अतिरिक्त क्षमता  का समर्थन करेगा।

 भविष्य की रणनीतियों के बारे में बोलते हुए, सीएमडी ने जोर दिया कि देश की ग्रीन एनर्जी पोर्टफोलियो की मात्रा और गुणवत्ता दोनों ही लगातार बढ़ रहा है; और सरकार की विभिन्न नीतिगत पहलों जैसे कि पीएम-कुसुम स्कीम, सोलर और पवन हाइब्रिड  प्रौद्योगिकियों, इथेनॉल और  कोम्प्रेस्ड बायो  गैस (सीबीजी) के रूप में बायोईंधन, ई-गतिशीलता और संबद्ध बुनियादी ढांचे, ऑफशोर विंड एनर्जी,सोलर रुफ़-टॉप  प्रोग्राम के रूप में और अधिक बढ़ावा मिलने की उम्मीद है । उन्होंने आगे कहा कि इरेडा विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय और बहुपक्षीय ऋणदाताओं के साथ नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के  संसाधनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए नई क्रेडिट लाइनों के लिए अपने प्रयासों को जारी रखेगा । इरेडा अन्य स्रोतों से धन जुटाने और विभिन्न वैकल्पिक वित्तीय साधनों के सृजन  की दिशा में अपने प्रयासों को भी जारी रखेगा।